तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 14 फरवरी 2025

12 शत प्रतिशत मतदान कराने ली शपथ ली, रैली निकाली



12 आदिवासी युवाओं का 11वां जत्था दिल्ली के...





## खबर संक्षेप



### बैडमिंटन में 28वीं वाहिनी के जवानों ने मारी बाजी

**अंतागढ़।** 28 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ में 28 वीं वाहिनी ससीब अंतागढ़ एवं 33 वीं वाहिनी ससीब केंवटी के बीच बैड़मिंटन खेल का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में दोनों वाहिनियों के जवानों के साथ बैड़मिन्टन खेल खेला गया जिसमें 28 वीं वाहिनी के जवानों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता के अवसर पर कमांडेंट अरूण देवगम ने खेल देख रहे समस्त बलकर्मियों को खेल के बारे में जागरूक किया एवं उन्हे खेल के प्रति प्रेरित किया।

### घोड़ाबत्तर का वार्षिक मड़ई- मेला 17 को

**भानुप्रतापपुर।** विकासखण्ड भानुप्रतापपुर के ग्राम घोड़ाबत्तर का वार्षिक मेला 17 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। मेला में स्थानीय के साथ देवी-देवताओं का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ महासंगम एवं पूरे विधि-विधान के साथ देव परिक्रमा के साथ किया जाएगा। इस आयोजन में गांवों के देवी-देवता और आंगा देवता की पूजा-अर्चना के बाद बजा के साथ डांग और देव द्वारा क्षेत्र का भ्रमण किया जाएगा। मेला में झूले और पकवानों के काफी दुकानों लगेंगी एवं दिन के मेले के पश्चात शाम को लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम रात रानी सुर संध्या का आयोजन किया जाएगा ।

### फांसी लगा बुजुर्ग ने की आत्महत्या

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत 60 वर्षीय सुभाष मजूमदार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक द्वारा फांसी लगाने के कारणो को अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### माघी पुन्नी पर मां सोनादाई मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता



**दुर्गूकोंदल।** माघी पूर्णिमा के पहले दिन सोने दाई मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिला। बुधवार को माघ का पहला दिन से ही काफी संख्या में लोगों के भीड़ देखने को मिला और सोनादाई गांव में तीन दिन तक मेला लगता है। मान्यताएं हैं कि यहां जो भी भक्त सच्चे मन से आते हैं और यहां सोनादाई कुंड में स्नान करने के बाद पूजा पाठ कर मन्नतें मांगते हैं, उनकी शेष पेज 10 पर

चुनाव : जनचर्चा है कि अध्यक्ष की जीत का अंतर 1000 के आसपास रहेगा

# मतदान के बाद परिणामों पर अटकलें शुरू, संविदा कर्मचारियों ने किया प्रचार, संलिप्तता कैमरे में कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

- पैसा लेकर दूसरे का काम करने वालों के चेहरे परिणाम के बाद हो सकते है उजागर
- शहर के 21 वार्ड में से 9 पर 80 प्रतिशत से कम मतदान हुआ




निकाय के लिए मतदान होने के बाद राजनीतिक दल और आम मतदाता संभावित परिणाम के गुणा भाग में लग गए है, किन्तु अध्यक्ष पद के लिए भाजपा और कांग्रेस में आमने सामने टक्कर होने से परिणाम पर कोई कुछ बोल नहीं पा रहे है। यह बात सामने आ रही है कि अध्यक्ष की जीत का अंतर 1000 के नीचे ही रहेगा। मामला सीधे टक्कर होने के चलते कोई भी किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच पा रहा है। उल्लेखनीय है कि नगरपालिका कांकेर के अध्यक्ष और पार्षद के लिए मंगलवार 11 फरवरी को मतदान हुआ है। शहर के 80.72 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। शहर के 21 वार्ड में से 9 ऐसे वार्ड है जहाँ पर 80 प्रतिशत से कम मतदान हुआ है, यह वार्ड अलबेलापारा, उदयनगर, शिवनगर, माहुरबंदपारा, जवाहर वार्ड, आमापारा, मांझापारा, सुभाषवार्ड, बरदेभाटा है, वहीं अन्य 12 वार्डों में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। मतदान के बाद संभावित परिणाम को लेकर अटकलों का बाजार गरम है। राजनीतिक दल और आम मतदाता और समर्थक अपने अपने नजरिए से ईव्हीएम में बंद परिणाम को भांपने का प्रयास कर रहे हैं। अध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशी मैदान में है, परंतु संघर्ष भाजपा और कांग्रेस में ही है। निर्दलीय और आप प्रत्याशी कितना वोट पाते है, 15 को तस्वीर सामने आएगी। अध्यक्ष को लेकर भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशी जीत को लेकर आश्वस्त है, किन्तु वार्डों की संख्या को लेकर दोनों के नेता दुविधा में हैं। कांग्रेस को भरोसा है कि पुल के उस तरफ के वार्डो में इस बार कांग्रेस के पक्ष में बंपर बोट पड़ा है, वहीं भाजपा को भरोसा है कि इस बार बदलाव को लेकर जो माहौल पड़ा है, उससे सभी वार्डों में भाजपा आगे रहेगी।

### भाजपा और कांग्रेस ने अपनों को दिया धोखा

भाजपा और कांग्रेस के कई पार्षद के प्रत्याशियों ने अपने अध्यक्ष के लिए धोखा दिया है, उसकी तस्वीर भी सामने आ रही है। कांग्रेस और भाजपा के अध्यक्ष के दावेदारों के पास ऐसे लोगों की रिपोर्ट सामने आ रही है। परिणाम के बाद इन लोगों का क्या होगा, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। दूसरी पार्टी से पैसा लेकर अपने अध्यक्ष के लिए धोखा देने वालें स्वंय अपने आपको ठगा महसूस करते हुए अभी बाजार में सामने नहीं दिख रहे है, शायद यह चेहरे परिणाम के दिन ही दिखेंगे।

### 20 हजार में वीडियो डाला और फिर हटाया

सोशल मीडिया में एक युवक ने 20 हजार रूपएं लेकर अध्यक्ष प्रत्याशी के खिलाफ वीडियो डाला और उसके बाद 24 घंटे के अंदर हटा दिया। 20 हजार देने वालों के नाम उजागर हो गए है, उसमें एक संविदा कर्मचारी का नाम भी सामने आया है। इस संविदा कर्मचारी पर किसी न किसी तरह की आने वाले समय पर गाज गिरना तय है।

### संविदा कर्मचारियों ने किया प्रचार

नगरीय निकाय चुनाव में संविदा कर्मचारी भाजपा का प्रचार करते हुए नजर आएं है। इनका वीडियो भी कई लोगों ने बनाकर रखा है। प्रचार करने वालों में एक महिला कर्मचारी और एक पुरूष कर्मचारी है। जवाहर वार्ड में निवासरत स्वास्थ्य विभाग का संविदा कर्मचारी का वीडियो भी वायरल हुआ है, जिसमें चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी के साथ-साथ प्रचार करते हुए नजर आ रहा है। इसकी शिकायत भी हुई है, परंतु कार्यवाही करने के बजाय उसे जाँच में रखा गया है। इस मामले में अभी तक कार्यवाही नहीं हुई है।

### तीन लाख लेने का आडियो वायरल हुआ

नगरपालिका के 2019 से 2024 के कार्यकाल के तीन पार्षदों के द्वारा एक दुकानदार से 3 लाख लेने का आडियों भी गोपनीय ढंग से वायरल होता रहा, परंतु इसका लाभ भाजपा को उठाना था, नहीं उठा पाई। दुकानदार से पाँच लाख माँगा गया था, परंतु अंत में 3 लाख में मामला सेटल हो गया। दुकानदार ने नगरपालिका की दो दुकान को एक दुकान नियमों को ताक में रखकर किया है, इसका भी मामला चुनाव के बाद खुलना तय है। दुकानदार ने एक वार्ड में भाजपा के पार्षद प्रत्याशी का खुलकर प्रचार किया। इस दुकानदार पर चुनाव के बाद नियमानुसार कार्यवाही हो सकती है।

## शुष्क और नम हवाओं के प्रवेश से मौसम का मिजाज बदला एवं तापमान फिर गिरा



**अंचल का अधिकतम तापमान पहुंचा 31, न्यूनतम 15 डिग्री पर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

अंचल में एक बार फिर मौसम में उतार-चढ़ाव के हालात निर्मित हो रहे हैं। विभाग के अनुसार उत्तर दिशा से शुष्क और नम हवाओं का आगमन शुरू होने वाला है, इसके प्रभाव के चलते अंचल में अगले कुछ दिनों में न्यूनतम तापमान में 3 से 4 डिग्री तक गिरावट देखने को मिल सकती है। बुधवार को जिले का अधिकतम तापमान 31 डिग्री रहा। उल्लेखनीय है कि जिले सहित छत्तीसगढ़ के मौसम में उतार चढ़ाव का दौर जारी है। विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों में रात का पारा 2 से 4 डिग्री तक गिर सकता है, जिससे रात में हल्की ठंड बढ़ेगी। फिलहाल अगले 12 घंटों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई बदलाव नहीं होगा। जिले में मंगलवार को 14 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ सबसे ठंडा रहा। वहीं बुधवार को 31 डिग्री अधिकतम तापमान के साथ सबसे गर्म रहा। आमतौर पर फरवरी में तापमान बढ़ने लगता है, लेकिन इस साल पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम में उतार-चढ़ाव हो रहा है। इसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। न्यूनतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी और गिरावट के कारण दिन में कभी ठंड तो कभी बहुत अधिक गर्मी हो रही है, जिससे लोगों को सर्दी-खांसी की शिकायत हो रही शेष पेज 10 पर

## हटकुल नदी में अज्ञात युवक का मिले शव की शिनाख्त नहीं, विवेचना जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



जिला मुख्यालय के निकट हटकुल नदी में गुरूवार सुबह एक युवक की लाश बहते हुए मिली। लाश की शिनाख्ती नहीं हो पाई है। लाश करीब सप्ताह भर पुरानी होने के कारण वह डीकंपोज होना शुरू हो गई है। आसपास के गांव से किसी युवक के लापता होने की भी घटना नहीं हुई है। इसके अलावा नदी में इतना पानी भी नहीं है कि कोई नदी पार करते बह जाए। इन सब कारणों से युवक के हत्या कर लाश नदी में फेंकने की संभावना बढ़ गई है। फिलहाल पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा रही है, जिससे युवक के मौत के कारणों की जानकारी हो सके।

पिछले तीन सालों से कांकेर जिला मुख्यालय के आसपास लगातार अज्ञात लाश मिलने की घटनाएं बढ़ गई है। 13 फरवरी गुरूवार सुबह सिंगारभाट व व्यासकोंगेरा के बीच हटकुल नदी में ग्रामीणों ने एक युवक की लाश बहते हुए देखी, लाश अंजान युवक की थी। मामला संदेहास्पद होने के कारण ग्रामीणों ने तत्काल जानकारी पुलिस को दिया। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लाश बाहर निकलवाकर उसकी शिनाख्त करने कोशिश किया। व्यासकोंगेरा व सिंगारभाट के ग्रामीणों ने मृतक को इलाके का होने से इंकार कर दिया। आसपास के गांव में किसी युवक के लापता होने की भी घटना नहीं हुई है। अंततः युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई। आशंका जताई जा रही है कि युवक बाहर का है तथा वह किसी कारण वश यहां पहुंचा है या फिर उसे लाया गया। लाश सप्ताह भर पुरानी होने के कारण वह गलने लगी है और उससे दुर्गंध भी उठ रही है। पानी में पड़े होने के कारण लाश फूल गई है। प्रारंभिक जांच में शरीर में चोट भी नजर नहीं आ रही है। युवक पूरे कपड़े पहने हुए है, जिससे उसके नदी में शौच या नहाने जाने से भी इंकार किया जा रहा है। मामला संदेहास्पद है। हत्या है या हादसा पुलिस लाश की स्थिति देख किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाई है। लाश को पुलिस अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला शेष पेज 10 पर

## बांसकुण्ड में युवक की पिटाई दो दबंगों पर अपराध कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

- दो युवकों ने दबंगई दिखाते हुए गांव के एक की युवक लात घूसों से की पिटाई



कोरर थानांतर्गत बांसकुण्ड में घर के बाहर बैठे युवक के साथ गाँव के दो युवकों ने बिना किसी कारण के गाली देने लगे। गाली देने से मना करने पर दोनो युवकों ने प्रार्थी के साथ जमकर मारपीट कर दिया। मारपीट के शिकार हुए युवक को डर है कि आरोपी मेरे साथ किसी भी घटना को अंजाम दे सकते है। पीड़ित युवक की शिकायत पर पुलिस ने दोनो आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है। कोरर थाना में शिकायत करने पहुंचे बांसकुण्ड निवासी जितेंद्र उईके ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं और 10 फरवरी की रात लगभग 8 बजे अपने घर के सामने बैठा हुआ था, तभी वहाँ पर आरोपी बिदेसिंह उईके और कृपा उईके आए। दोनों आरोपी एक राय होकर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। मैने दोनो को गाली देने के लिए मना किया और कहा कि हमें गाली किस कारण से दे रहे हो। इतना कहने पर दोनो आरोपी कहने लगे कि ज्यादा बात करता है और ऐसा कहते हुए हाथ-मुक्का व लात से मारपीट किया और जमीन में पटक दिया। मारपीट करने से मेरे पीठ, कमर व दोनों हाथ में चोट आई है। दोनो आरोपियों के द्वारा मेरे साथ गाली गलौच करने और मारपीट करने का कारण नहीं पता है। युवकों के खिलाफ कार्यवाही नहीं होने पर मेरे साथ किसी भी घटना को अंजाम दे सकते है। मुझे डर है कि दोनों आरोपी मेरे पर कभी भी हमला कर सकते है औ र डर बना हुआ है।

कोरर पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दोनो आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115 (2), 351 (2) 3 (5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## शिवरात्रि पर्व मानने के लिए शिव मंदिर की बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

शिव मंदिर समिति उपर नीचे रोड के सदस्यों ने शिवरात्रि महापर्व धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक आयोजित किया गया और रणनीति तैयार करते हुए जिम्मेदारी भी सौंपी गई।

शिव मंदिर परिसर में 13 फरवरी को सायं 4 बजे आयोजित बैठक में तय हुआ कि शिवरात्रि पर्व 26 फरवरी को है और इस दिन सुबह 6 बजे से भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया जाएगा, उसके उपरांत सुबह 10 बजे हवन पूजन होगा और उसके उपरांत आरती होगी। आरती के उपरांत दोपहर 12 बजे से प्रसाद का वितरण किया जाएगा। भंडारा प्रारंभ होने के उपरांत दोपहर 12 बजे से लेकर रात 12 बजे तक विभिन्न रामायण मंडलियों द्वारा सस्वर रामायण पाठ का की प्रस्तुति दी जाएगी । संध्या 7 बजे भगवान भोलेनाथ की महाआरती होगी । श्री श्री महाकाल भक्त सेवा समिति कांकेर द्वारा शिवजी की बारात संध्या 5 बजे शीतला मंदिर माहुरबंदपारा से निकलेगी एवं पुराने बस स्टैंड होते हुए शिव मंदिर, ऊपर नीचे रोड आएगी, इसके पश्चात शिव पार्वती विवाह का आयोजन किया जाएगा उसके बाद महा आरती होगी। रात्रि 12 बजे आरती के साथ कार्यक्रम सम्पन्न होगा। आयोजित कार्यक्रम को लेकर बैठक में उपस्थित सभी लोगों को जिम्मेदारी भी सौंपी गई। आयोजित बैठक में अरुण कौशिक, निर्मला शर्मा, नरेश सिंह परिहार, अविनाश नेगी, छाया कौशिक, विजयलक्ष्मी कौशिक, मोना साहू, यजुर्वेद सिंह ठाकुर, हेमंत चंद्रौल, धर्मेंद्र चतुर्वेदी, चिराग साहू, पद्मिनी साहू, पंकज कौशिक, सुरेंद्र गुप्ता, सरिता यादव, देवकी बघेल, प्रेमलता यादव, संध्या सोनी, पंडित धर्मेंद्र मिश्रा, अनुष्का थानेकर, शालू मंडावी, अदिति सोनी, रागिनी मंडावी, भूमि उईके, लीना कोसमा, युक्ति राजपूत, छाया तिवारी, संजना यादव, शशि नेताम, आरोही यादव, ज्योति जुर्री व अन्य उपस्थित रहे।

कलेक्टर क्षीरसागर के मार्गदर्शन में छात्रों के लिए निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की गई थी

# जेईई एडवांस में शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत 32 छात्र क्वालीफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



जेईई मेंस प्रथम सेशन में शामिल होने वाले छात्र छात्राओं में से गत सत्रों के पर्सेंटाईल के आधर पर जिले से 32 छात्रों ने जेईई एडवांस परीक्षा के लिए क्वालीफाई किया है। 05 छात्र प्रयास से और शेष 27 छात्र शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालयों में अध्ययनरत रहने वाले शामिल है। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल ने बताया कि कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में शासकीय विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों के लिए निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था किया गया था। जेईई एडवांस क्वालीफाई करने वाले छात्रों को एसटी संवर्ग को बोर्ड कक्षा अर्थात 12 वीं में 65 प्रतिशत या अधिक अंक लाना आवश्यक होता है। जेईई क्वालीफाई करने वाले छात्रों में विकासखंड अंतागढ़ से 05, विकासखंड भानुप्रतापपुर से 07, विकासखंड चारामा से 03, विकासखंड दुर्दूकोंदल से 04 और विकासखंड कांकेर से 07 और विकासखंड नरहरपुर से 06 छात्रों का चयन हुआ है। जेईई में 07 बालिका एवं 25 बालक कुल 32 छात्र क्वालीफाईड होना संभावित है। जेईई के पर्सेंटाईल पिछले सत्र के पर्सेंटाईल जनरल 93.23 पर्सेंटाईल, ओबीसी 79.676 पर्सेंटाईल, एससी 60.092 एवं एसटी के लिए 46.698 पर्सेंटाईल रहा है। इस सत्र में जिले में इन 32 छात्रों में से 01 छात्र ओबीसी, 30 छात्र एसटी, एवं 01 ओबीसी संवर्ग से है। अधिकतर छात्र गरीब मजदूर एवं किसान परिवार से है जिसमें से कई छात्रों के माता पिता मनरेगा में मजदूरी करते है। शासकीय उमावि अंतागढ़ के हरेन्द्र कुमार कुमेटी ने 80.48, शासकीय पीएमश्री अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नरहरपुर में अध्ययनरत आदिवासी छात्र हिमांशु कुंजाम ने 80, जीत कुमार वटटी को 74 पर्सेटाईल अंक मिले है। इनके माता पिता कृषि व मजदूरी का कार्य करते है। शासउमावि तुडगे में अध्ययनरत राखी नरेटी 76.92 अंक, शास पीएमश्री उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दुगूकोंदल पूजा पोया 66.30 पर्सेटाईल, प्रयास अवासीय विद्यालय में अध्ययनरत संध्या मरकाम 68.89, सेजेश अमोड़ा से तरूण कुमार उयके ने 66.29, प्रयास की खुश्बु ध्नेलिया 66.29, शास उमावि गिरहोला और चैतन्य नागवंशी 62.554, शासउमावि कुर्री से किशोर मंडावी 59.86 से इस तरह से जिले से 32 छात्रों ने क्वालीफाई किया है। पीएमश्री अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय अंतागढ़ से 02 छात्र उदित देहारी 55.20, लक्ष्य परते 46.20 अंक प्राप्त किया है। जिले में कम से कम 05 छात्र ऐसे है जिनका चयन एनआईटी में होना संभावित है तथा अन्य छात्रों को भी कोई ना कोई प्रसिद्ध कालेज आबंटित होगा।

पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

### रमाशंकर कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री मनोनीत



**चारामा।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के वरिष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष ब्रिगेडियर अनिल श्रीवास्तव, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व आईआरएस डॉ. अनूप श्रीवास्तव और मुख्य संरक्षक एसी भटनागर की सहमति से रमाशंकर श्रीवास्तव को राष्ट्रीय महामंत्री मनोनीत किया गया है, इसके साथ ही छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा का प्रभार भी दिया गया। मनोनीति राष्ट्रीय महामंत्री सेवानिवृत प्राचार्य है और वर्तमान में चारामा में स्थित भगिनी निवेदिता विद्या भारती विद्यालय के उपाध्यक्ष है।

जन्मदिन उत्सव
पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह मार्च का फार्मेट का प्रकाशन 10 फरवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 15 फरवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### लकवाग्रस्त कर्मचारी की भी चुनाव में लगी ड्यूटी

**जगदलपुर** । संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं जगदलपुर में कार्यरत सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी पेखनलाल ध्रुव जो 25 नवम्बर से लकवा ग्रस्त होकर चिकित्सा अवकाश लेकर उपचार करवा रहा है। जिनके अवकाश को संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा ने चुनाव का हवाला देकर निरस्त कर दिया। उनका दायां हाथ काम नहीं कर रहा है, उनकी चुनाव ड्यूटी बस्तर विकासखंड में पीठासीन अधिकारी में लगी है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के बस्तर संभाग प्रभारी कैलाश चौहान तथा अध्यक्ष गजेंद्र श्रीवास्तव ने जिला निर्वाचन कार्यालय प्रभारी की लापरवाही बताया है। जब कर्मचारी अपने मेडिकल दस्तावेज के साथ चुनाव ड्यूटी निरस्त करने का आवेदन दिया था। उसके आवेदन पर विचार ही नहीं किया गया। अब पुनः चुनाव आदेश आने पर इसे निरस्त करने के लिए निर्वाचन शाखा संपर्क करने पर कोई सुनने वाला नहीं है।

### चित्रकूट महोत्सव 24 और 25 को, होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

**जगदलपुर**। बस्तर जिले में चित्रकूट महोत्सव का आयोजन 24 से 25 फरवरी तक सम्भावित है। इस महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस संदर्भ में इच्छुक कलाकार 1 से 2 मिनट के वीडियो के माध्यम से अपनी प्रस्तुति जमा कर सकते हैं। प्राप्त वीडियो का चयन समिति द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा, जिसके पश्चात चयनित प्रतिभागियों को महोत्सव में प्रस्तुति हेतु आमंत्रित किया जाएगा।

### डीएवी स्कूल में हुआ हवन पूजा

**जगदलपुर**। नकटी सेमरा आड़ावाल में डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में हवन पूजा का आयोजन किया गया। इस पूजा का मुख्य उद्देश्य छात्रों की शैक्षणिक उन्नति और स्कूल के सुख शांति के लिए आशीर्वाद प्राप्त करना था। पूजा का शुभारंभ सुबह हवन और मंत्रोच्चार के साथ किया गया। पूजा का नेतृत्व पुजारी अक्षय मिश्रा ने किया, जिन्होंने वैदिक मंत्रों के साथ अनुष्ठान पूरा किया। स्कूल के प्राचार्य शैलेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि छात्रों के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा लाएगी और उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में सफलता दिलाएगी, पूजा का समापन आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

# छठी कार्यक्रम में खाना खाने से फूड पॉयजनिंग, 15 अस्पताल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले के ग्राम हंगवा में एक छठी कार्यक्रम के दौरान भोजन करने के बाद फूड पॉयजनिंग का मामला सामने आया है। कार्यक्रम में शामिल हुए 15 ग्रामीणों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। जिनमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है।

ग्राम हंगवा के तुलाराम कोर्राम की बेटी के छठी कार्यक्रम में 11 फरवरी की शाम सामूहिक भोज का आयोजन किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए थे। भोज में चिकन और मटन परोसा गया था। 12 फरवरी की सुबह ग्रामीणों को पेट दर्द, उल्टी और दस्त की शिकायत होने लगी। स्थिति बिगड़ने पर 10 लोगों को जिला अस्पताल लाया गया, जबकि बाद में 5 और लोगों को भर्ती करना पड़ा। फूड पॉयजनिंग से प्रभावित अंतूराम कोर्राम की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। डॉक्टरों ने उन्हें ब्लड चढ़ाने की जरूरत बताई है। जिला प्रशासन के आला अधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया है।

**सामूहिक भोज के बाद लोग हुए बीमार**

**अस्पताल में भर्ती मरीज**

सविता, तुमेश्वरी मांडवी, दीपिका, पंचू, अनिल कुमार, सविता मांडवी, अंतू कोर्राम, राजनयी, सारिका कोर्राम, हर्षिता कोर्राम, सुमति कोर्राम, पूजा कोर्राम, असमन कोर्राम, सोनई कोर्राम, असिका कोर्राम।



**मरीजों का इलाज जारी: सिविल सर्जन**

सिविल सर्जन जिला अस्पताल सीके ठाकुर ने बताया कि सभी मरीजों का इलाज जारी है। अंतूराम की हालत गंभीर बनी हुई है, उन्हें ब्लड चढ़ाया जा रहा है। अगर किसी की तबीयत और बिगड़ती है तो जगदलपुर या रायपुर रेफर किया जा सकता है।

**प्रशासन ने दिए जांच के आदेश**

*फूड पॉयजनिंग के इस मामले को लेकर प्रशासन ने जांच के आदेश दिए हैं। अधिकारियों का कहना है कि भोज में परोसे गए खाने के सैंपल की जांच की जाएगी ताकि बीमारी के कारणों का पता लगाया जा रहा है।*

## राज्य सरकार के नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत ग्रामीणों को शत- प्रतिशत लाभान्वित करें: ममगाई

# जिले के पहुंचविहीन ग्राम कुतुल पहुंचने वाली पहली कलेक्टर बनीं प्रतिष्ठा ममगाईं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर



नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत संचालित किये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं का कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार और जिला पंचायत सीईओ आकांक्षा शिक्षा खलखो ने पहुंचविहीन वनांचल ग्राम कुतुल पहुंचकर चौपाल लगाकर राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने चौपाल में सभी सदस्यों की जानकारी लेकर शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित करने के निर्देश उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बैंक पासबुक, महतारी वंदन, जाति प्रमाण पत्र और जन्म प्रमाण पत्र के संबंध में जानकारी लेकर जिन हितग्राहियों का नहीं बना है, उनका एक सप्ताह के भीतर बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिले के पहुंचविहीन ग्राम कुतुल पहुंचने वाली प्रतिष्ठा ममगाईं पहली कलेक्टर बन गई है। कलेक्टर ने ग्राम कुतुल में सड़क, पुल पुलिया, नल जल योजना, आधार कार्ड, राशन कार्ड बनाकर सभी परिवारों को चावल उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने शिविर में महिलाओं से चर्चा करते हुए कहा कि पढ़े-लिखे होने का लाभ उठाते हुए गांव को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने अहम भूमिका निभाएं। कलेक्टर ममगाईं ने सभी ग्रामीणों से कहा कि अपने बच्चों को शिक्षित करें और गांव के विकास में सहभागिता बनाएं। उन्होंने शिविर में गांव के नवयुवकों को रोजगार से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित करने अधिकारी को निर्देशित किया।

- कलेक्टर, एसपी और सीईओ ने लगाई चौपाल
- कुतुल में मंदिर, खेल मैदान और पंचायत भवन बनाने स्थल का किया निरीक्षण

कलेक्टर ममगाई ने अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि गांव के महिलाओं का समूह बनाकर शासन की योजनाओं से जोड़ने के लिए उपस्थित जनपद सीईओ को निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने महिलाओं से जानकारी लेते हुए महतारी वंदन योजना और मातृत्व वंदन योजना योजना से लाभान्वित करने के निर्देश उपस्थित महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया। ग्रामीणों ने कलेक्टर से सोलर पंप, सीसी सड़क और गली निर्माण कार्य की मांग की। तहसीलदार चिराग रामटेके के द्वारा चौपाल में ग्रामीणों को अतिवृष्टि और प्राकृतिक आपदा से लाभान्वित करने की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों को अपने-अपने विभागीय योजनाओं को शत प्रतिशत लाभान्वित करने के लिए निर्देशित किया।

**मैराथन दौड़ को हरि झंडी दिखाई**

चौपाल में ग्रामीणों द्वारा ग्राम पंचायत भवन, उप स्वास्थ्य केन्द्र, खेल मैदान बनाने की मांग की गई। चौपाल समाप्ति के पश्चात ग्रामीणों के साथ स्थल परीक्षण किया गया। ग्रामीणों की मांग को कलेक्टर, एसपी ने शीघ्र पूरा करने का भरोसा दिलाया। चौपाल समाप्त होने के बाद कलेक्टर ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ ग्राम कुतुल का भ्रमण कर गांव में पंचायत भवन, मंदिर और खेल मैदान बनाने का स्थल परीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात कलेक्टर ने रामकृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम के बच्चों को मिनी मैराथन दौड़ को हरि झंडी दिखाई। दौड़ में पांचवां स्थान तक के प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**ये रहे उपस्थित**

निरीक्षण के दौरान वनमंडलाधिकारी सचिकानंदन के, अतरिक्त पुलिस अधीक्षक रॉबिनसन गुरिया, एसडीएम अभयजीत मण्डावी, तहसीलदार चिराग रामटेके, जिला कार्यक्रम अधिकारी लुपेंद्र महिलांग, जनपद सीईओ लोकेश चतुर्वेदी सहित विभिन्न विभागीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# टास्क फोर्स ने दुकानों ढाबों, होटलों संस्थानों होटलों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं के दिये गए आदेश क्रमांक दिनांक 03.02.2025 के तहत बालक एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के प्रभावी कियान्वयन हेतु 10 जनवरी से 31 मार्च 2025 तक तक बाल श्रम उन्मूलन कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। इस हेतु जिले में टॉस्क फोर्स टीम गठित किया गया है, जिसके परिपालन में जिले में नियोजित होने वाले संभावित क्षेत्र तथा होटल, ढाबा, वर्कशाप, दुकान, ऑटो गैरेज, ईट भट्ठा, कबाड़ी इत्यादि स्थानों में सर्वेक्षण एवं प्रचार-प्रसार टास्क फोर्स द्वारा किया जा रहा है, जिसके नोडल अधिकारी श्रम पदाधिकारी अमरसिंह खण्डे हैं। बाल श्रम पाए जाने पर नियोंजको को 6 माह से 3 वर्ष तक कारावास या 20 हजार से 50 हजार रुपए जुर्माना का प्रावधान है। धारा 12 के तहत धारा 3 ए एवं धारा 14 का सारांश प्रदर्शित नहीं किये जाने पर माननीय न्यायालय में वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

- बाल श्रम रोकने के लिए जिले में चलाया जा रहा अभियान

### मोतियाबिंद के 20 मरीजों का किया ऑपरेशन

**जगदलपुर**। शहर के शासकीय जिला महारानी अस्पताल के अंबक में मोतियाबिंद का ऑपरेशन आई स्पेशलिस्ट और जिले की मोतियाबिंद की नोडल अधिकारी डॉ. सरिता थॉमस 20 मरीजों के आंख का ऑपरेशन किया। इसमें से लोहंडीगुड़ा ब्लॉक के 14, बस्तर ब्लॉक 2 और नानपुर ब्लॉक से 4 मरीज के हैं, मरीजों की उम्र 30 साल से भी कम है। डॉ. थॉमस ने बताया कि इस वर्ष लगभग 1200 मरीजों के आंखों का ऑपरेशन किया गया। कम उम्र की मोतियाबिंद मरीजों में मुख्य रूप से अनिल ग्राम बेलर 19 वर्ष, प्रमिला ग्राम छोटे गारावण्ड 23 वर्ष, जैमिनी ग्राम बेलर 23 वर्ष और कीर्तन पुजारी 16 वर्ष नागपुर ब्लॉक से है।

## परीक्षा पर चर्चा...



**कोण्डागांव।** हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर में आज 'परीक्षा पर चर्चा' कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सभी छात्र–छात्रओं को दिखाया गया। इस विशेष कार्यक्रम में देशभर के छात्रों को परीक्षा से जुड़े तनाव को कम करने और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रख्यात अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने अपने अनुभव साझा किए और विद्यार्थियों को परीक्षा से डरने के बजाय धैर्य, आत्मविश्वास और मानसिक संतुलन बनाए रखने की सलाह दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि तनाव को कैसे सकारात्मक ऊर्जा में बदला जा सकता है। सफलता पाने के लिए मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना कितना जरूरी है।

# 629 ग्रामों में पशु संगणना 71 में सत्यापन भी हुआ पूरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले में चल रही 21वीं पशु संगणना कार्य की समीक्षा बैठक आज संपन्न हुई। पशुधन विकास विभाग के राज्य स्तरीय अधिकारी डॉ. बी.पी. सतनामी, संयुक्त संचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं, रायपुर ने संगणना कार्य की प्रगति की समीक्षा की।

- 21वीं पशु संगणना की समीक्षा बैठक सम्पन्न
- 28 फरवरी तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश

बैठक में जानकारी दी गई कि जिले के 629 ग्रामों में पशु संगणना कार्य जारी है। अब तक 71 ग्रामों में संगणना सत्यापन कार्य पूरा किया जा चुका है, जबकि 442 ग्रामों में ऑनलाइन एंट्री का कार्य प्रगति पर है। वहीं कुछ ग्रामों में अभी तक ऑनलाइन एंट्री प्रारंभ नहीं हुई है। जिस पर संयुक्त संचालक डॉ. सतनामी ने नाराजगी जताते हुए तत्काल कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।

**वरना होगी कार्रवाई** – बैठक में सभी 68 प्रगणकों को सख्त निर्देश दिए गए कि 28 फरवरी 2025 तक पशु संगणना और ऑनलाइन एंट्री का कार्य हर हाल में पूरा किया जाए। कार्य में देरी या लापरवाही करने वालों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. शिशिरकांत पांडेय सहित सभी सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

# औसत से अधिक व कम मतदान वाले केन्द्रों की समीक्षा की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



नगरीय निकाय चुनावों के तहत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुसार, औसत मतदान प्रतिशत से 15 प्रतिशत अधिक या कम मतदान दर्ज करने वाले मतदान केन्द्रों की बुधवार को विस्तृत समीक्षा की गई। यह समीक्षा जिले की प्रेक्षक श्रीमती दिव्या गौतम की उपस्थिति में, पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम के बाहर संपन्न हुई। इस दौरान सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों सहित निर्दलीय उम्मीदवार भी उपस्थित रहे।

- नगरीय निकाय चुनाव

समीक्षा में सामने आया कि कोंडागांव नगर के चार मतदान केन्द्रों में औसत से कम मतदान हुआ। इन केन्द्रों में तैनात पीठासीन अधिकारियों की डायरी और संबंधित दस्तावेजों की जांच की गई, लेकिन किसी भी प्रकार की त्रुटि या अनियमितता नहीं पाई गई। वहीं, केशकाल और फरसगांव के मतदान केन्द्रों में औसत मतदान प्रतिशत के मुकाबले 15 प्रतिशत से अधिक या कम मतदान दर्ज नहीं हुआ। निर्वाचन आयोग के नियमों के अनुसार, यदि किसी मतदान केंद्र में मतदान प्रतिशत निर्धारित औसत से 15 प्रतिशत अधिक या कम होता है, तो उसकी विशेष समीक्षा की जाती है। इस प्रक्रिया के तहत पीठासीन अधिकारियों की रिपोर्ट, मतदान से जुड़े दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन ईवीएम के आंकड़ों का विश्लेषण किया जाता है।

**सभी प्रक्रियाएं निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार**

*समीक्षा बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी इस प्रक्रिया की जानकारी दी गई। जिससे चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता बनी रहे। समीक्षा के दौरान प्रेक्षक श्रीमती दिव्या गौतम ने स्पष्ट किया कि मतदान प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं पाई गई है। सभी प्रक्रियाएं निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुरूप संपन्न हुई हैं।*

### थोक प्लास्टिक दुकान में दबिश 500 किलो प्रतिबंधित झिल्ली जब्त

**जगदलपुर**। पैलेस रोड स्थित जितेंद्र जैन की थोक प्लास्टिक दुकान में गुरुवार को निगम और पर्यावरण विभाग की संयुक्त टीम ने गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान लगभग 500 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक झिल्ली जब्त की गई। कार्रवाई के दौरान दुकानदार से 8000 रुपए का समझौता शुल्क लिया गया, जिसमें यह शर्त रखी गई कि भविष्य में प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री का उपयोग या भंडारण नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही आसपास की अन्य दुकानों की भी जांच की गई, लेकिन वहां प्रतिबंधित झिल्ली नहीं पाई गई। नगर निगम और पर्यावरण विभाग ने स्पष्ट किया है कि ऐसे प्रतिबंधित सामग्री का उपयोग पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचाताःशेष पेज 10 पर है। इस तरह की सामग्री के खिलाफ कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी।

## श्रद्धा और उत्साह से मनाई संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती

# गुरु रविदास के संदेशों को आत्मसात करें व समाज में समानता एवं भाईचारे को दें बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

बाबा साहेब सेवा संस्था ने संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई। कार्यक्रम का आयोजन अंबेडकर चौक कोर्ट के सामने स्थित संस्था कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम में संत रविदास के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। उनके महान कार्यों को याद किया गया। कार्यक्रम में गुरु रविदास के विचारों और शिक्षाओं पर विशेष व्याख्यान दिया गया। जिसमें उनके द्वारा समाज में समानता, न्याय और प्रेम की अलख जगाने पर जोर दिया गया। साथ ही भजन–कीर्तन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से उनके संदेशों को जन–जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।

- बाबा साहेब सेवा संस्था का आयोजन



संस्था ने इस अवसर पर समाज को एकजुट करने और गुरु रविदास के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने जातिवाद, छुआछूत और भेदभाव जैसी सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने और समरसता को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। गौरतलब है कि गुरु रविदास जयंती हर वर्ष माघ पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है। यह दिन उनके अनुयायियों के लिए विशेष महत्व रखता है। बाबा साहेब सेवा संस्था ने इस पावन अवसर पर गुरु रविदास के संदेशों को आत्मसात करने और समाज में समानता एवं भाईचारे को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

**इनकी रही मौजूदगी**

*इस अवसर पर संस्था के संरक्षक प्रमोद भारती, अध्यक्ष मुकेश मारकंडेय, ओमप्रकाश नाग, बीरेंद्र नेताम, अनुज नहरिया, नरसिंह देव मंडावी, देवानंद चौरे, झिटकू मरकाम, हितेंद्र श्रीवास, पंचम पांडे, रमेश दास, सबीर खान सहित कई पदाधिकारी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।*

### युवक व विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जगदलपुर**। कोतवाली व बोधघाट थाना क्षेत्र में दो अलग मामले में एक युवक व विवाहिता महिला ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों मामलों में पुलिस मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है। आत्महत्या का पहला मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के सदर वार्ड का बताया जा रहा है। यहां रहने वाले युवक ने अपने घर के बाथरूम में अज्ञात कारणों से फांसी लगा लिया। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

## पेज 9 के शेष

**शुष्क और नम...**

है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण लुढ़केगा पारा मौसम विभाग के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ जम्मू-कश्मीर और उसके आसपास स्थित है। इसका प्रभाव कम होने की संभावना है, जिसके कारण उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन प्रारंभहोने की संभावना है। उपरोक्त कारण से अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में करीब 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट संभावित है। ऐसे में रात का तापमान 15 डिग्री से कम होकर 12 से 13 के बीच पहुंच सकता है।

**माघी पुन्नी पर...**

मन्नते पूरी होती है। माघी पूर्णिमा के दिन यहां माता की सेवा के लिए कोंडागांव का पुजारी सिया लाल शोरी, मुंगई बाई शोरी, जालंधर महाराज शोरी, लखमू राम मरकाम, मनकू राम कोर्राम, सगाराम कोर्राम, राजकुमारी शोरी, ललिता नेताम, पन्नालाल मरकाम, मेघा शंकर मरकाम, राजमन नेताम तथा ग्रामवासी श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**हटकुल नदी में ...**

अस्पताल ले आई। पोस्टमार्टम कराने के साथ ही लाश के कुछ हिस्से को फोरेंसिक जांच के लिए लैब भेजा जाएगा।

## खबर संक्षेप

### मतदान के दूसरे दिन सरकारी कार्यालयों में पसरा सन्नाटा

**रायपुर।** जिले में नगरीय निकाय चुनाव के दूसरे दिन जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के कार्यालयों में सन्नाटा पसरा रहा। चुनाव ड्यूटी के कारण कई कर्मचारी बुधवार को ड्यूटी पर सुबह समय पर पहुंच नहीं पाए, वहीं कई कर्मचारी थकान मिटाने के लिए छुट्टी पर भी रहे। यह स्थिति तहसील कार्यालय में भी देखने को मिली। रायपुर नगर निगम सहित पांच नगर पालिका परिषद एवं पांच नगर पंचायत चुनाव के लिए मंगलवार को वोटिंग हुई है। इसके लिए प्रशासन ने स्कूल विभाग से लेकर जिले के विभिन्न विभागों में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों की मतदान केंद्रों में ड्यूटी लगाई थी। मतदान दल कर्मी वोटिंग से एक दिन पहले ही चुनाव सामग्री लेकर अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिए रवाना हो गए थे, जो रातभर मतदान केंद्रों में ठहरने के बाद दूसरे दिन मतदान केंद्रों में ड्यूटी करते हुए मतदान कराया। वोटिंग के बाद सभी मतदान दल देर रात तक सेजबहार लौटते रहे और ईवीएम मशीनों को जमा कराया। इस तरह दो दिन तक मतदान कर्मियों को पसीना बहाना पड़ा। इससे कई कर्मचारी अपनी थकान मिटाने के लिए अवकाश पर रहे, वहीं कर्मचारी विलंब से पहुंचे।

### ब्रेकअप करने की बात को लेकर मारपीट

**रायपुर।** खमतराई थाने में गोंदवारा निवासी एक महिला ने एक व्यक्ति के खिलाफ ब्रेकअप करने की बात से नाराज होकर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। 31 वर्षीय महिला ने गौरव सिंह के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि गौरव के साथ उसका पूर्व में प्रेम प्रसंग था। पांच महीने से बातचीत बंद होने से नाराज गौरव महिला के घर पहुंचा और उससे बातचीत नहीं करने की बात को लेकर विवाद करते हुए मारपीट की।

### सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**रायपुर।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार द्वारा 25 दिवसीय सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ बुधवार कई जगहों पर किया गया। यह प्रशिक्षण शिविर 8 मार्च तक जारी रहेगा। कार्यक्रम आयोजक ने बताया कि शिविर का शुभारंभ बेबीलोन टॉवर रायुपर, टाटीबंध, नया रायपुर और बलौदाबाजार में एक साथ किया गया। इस शिविर में भारी संख्या में शिक्षक और अन्य लोग शामिल होंगे।

### लाखों मतदाता मताधिकार से वंचित लोकतांत्रिक अधिकार का हनन

**रायपुर।** नगरीय निकाय चुनाव में परिसीमन के कारण लाखों मतदाताओं के प्रभावित होने और मताधिकारों से वंचित होने पर चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, चुनाव आयोग द्वारा परिसीमन का प्रचार प्रसार नहीं करने, मतदाता पर्ची वितरण नहीं करने, मतदाता सूचियों में त्रुटियां, सैकड़ों मतदाताओं के मतदान केंद्र, वार्ड बदलने के साथ ही कईयों के वोटिंग लिस्ट से नाम गायब थे। चुनाव आयोग के इस कुप्रबंधन के कारण लाखों मतदाता अपने मताधिकार से वंचित हो गए हैं।

# मतदान पूरा होने के बाद अब सफाई और राजस्व वसूली पर निगम का फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब निगम प्रशासन शहर की सफाई और बकाया राजस्व वसूली पर ध्यान केन्द्रित करेगा। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने बुधवार को गांधी सदन में बैठक लेकर विभागीय अधिकारियों को इस संबंध में दिशा-निर्देश दिये। श्री मिश्रा ने देश व्यापी स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के कार्य और आवश्यक तैयारियों में जुट जाने के लिए निर्देश भी दिये।

- गांधी सदन में निगम आयुक्त ने ली बैठक

## बड़े बकायादारों से राजस्व वसूली तेज करने निर्देश




### ये रहे उपस्थित

गांधी सदन में आयोजित बैठक में अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, यूएस अग्रवाल, विनोद पांडेय, पंकज शर्मा, कृष्णा खटिक, मुख्य अभियंता यूके धलेन्द्र, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, संजय बागड़े, बद्री चंद्राकर, उपायुक्त डॉक्टर अंजलि शर्मा, डॉ. दिव्या चंद्रवंशी, जसदेव सिंह बाबरा , स्वास्थ अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही, राजस्व अधिकारी छीरसागर नायक, कार्यपालन अभियंता स्वच्छ भारत मिशन रघुमणि प्रधान, योगेश कडू सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

नगर निगम आयुक्त ने नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 में मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरा होने पर नगर निगम के संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशासनिक दायित्व अच्छी तरह से निर्वहन करने प्रोत्साहित किया। इस मौके पर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने दस जोन के सभी बड़े बकायादारों से शत-प्रतिशत बकाया राजस्व वसूली उन्हें जारी किये डिमांड बिल के अनुरूप करने की हिदायत दी। खाली भूखंडों पर कचरा फेंकने पर जुर्माना की कार्यवाही कर संबंधित भूखंड धारकों को नोटिस देकर ग्रीन नेट लगवाने की व्यवस्था करवाने निर्देशित किया।

## मिडिल क्लास लोगों के लिए हमारी सरकार लगातार काम कर रही

# केंद्रीय मंत्री जोशी ने कहा- इन्कम टैक्स में कटौती का छत्तीसगढ़ के 12 लाख लोगों को होगा सीधा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी बुधवार को मोदी सरकार के केंद्रीय बजट के बारे में जानकारी देने रायपुर आए। छत्तीसगढ़ को होने वाले फायदों को एक-एक कर गिनाया। उन्होंने बताया कि एक तरफ इंकम टैक्स में कटौती से प्रदेश के 12 लाख लोगों को सीधा फायदा होगा। वहीं अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाओं के लिए दो करोड़ का टर्म लोन देने के साथ कौशल विकास योजना से प्रदेश के 10 लाख युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना है।

- इंफ्रास्ट्रक्चर में 2 लाख करोड़ का निवेश

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने केंद्रीय बजट पर संवाददाताओं से चर्चा में कहा, प्रधानमंत्री की सोच है कि 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाना है। भारत में मिडिल क्लास लोगों के लिए हमारी सरकार लगातार काम कर रही है। हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं, इसके साथ बजट का सरलीकरण हो रहा है, जिसे कल हम लोकसभा में पेश करेंगे। उन्होंने कहा, युवा का समर्थ बढ़ाने के लिए हमारे देश में आज तक रिसर्च के लिए बहुत कम ध्यान दिया गया। रिसर्च माइंडसेट डेवलप करने के लिए काम कर रहे हैं, ग्रामीण क्षेत्र में ज्यादा बल दे रहे हैं। स्टार्टअप की संख्या बढ़ रही है। ये सब देखने के लिए स्टार्टअप 10 हजार करोड़ रुपए का हमने प्रावधान किया है। इंफ्रास्ट्रक्चर में 2 लाख करोड़ इन्वेस्ट किया है। 2014 से पहले यह बहुत कम था।

### मिडिल और लोअर मिडिल क्लास के सपनों को किया साकार

उन्होंने कहा, इंकम टैक्स के साथ-साथ अन्य स्लैब भी हमने बहुत कम किया है। 12 लाख के साथ-साथ 18 लाख रुपए की इंकम वालों का भी 17 हजार रुपए कम हो रहा है। एक समय था, जब एक मिडिल क्लास परिवार के लिए डॉक्टर बनना संभव ही नहीं था। हमने पिछले पांच सालों में मिडिल और लोअर मिडिल क्लास के परिवार के सपनों को साकार करने का कार्य किया है।



### अजा और अजजा महिलाओं के लिए टर्मलोन

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाओं के लिए दो करोड़ का टर्मलोन की तैयारी की है। बिजनेस शुरू करने के लिए पांच लाख महिलाओं को 2 करोड़ का टर्मलोन दिया जाएगा, जिससे आर्थिक स्थिति में सुधार आ सके। किसान क्रेडिट कार्ड को 3 से बढ़ाकर 5 लाख कर दिया गया है।

### छग में 10 लाख लोगों को मिलेगा रोजगार

मंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ में 10 लाख युवाओं को रोजगार देने की संभावना है, जिसका आदिवासियों को सीधा लाभ मिलने वाला है। आदिवासी क्षेत्रों के लिए बुनियादी ढांचों के लिए तैयारी की गई है, इससे सभी आदिवासियों को बड़ा फायदा होने वाला है। अमृतकाल को ध्यान में रखते हुए 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए बजट तैयार किया है।

### हर प्रदेश में पर्यटन को विकसित किया जाएगा

उन्होंने कहा, रेलवे को 2025-26 में 6 हजार 925 करोड़ से अधिक दिया गया है। रेलवे के आधुनिकरण और विकास के लिए यह महत्वपूर्ण रहने वाला है। पर्यटन क्षेत्र में पचास हजार रोजगार देने का बजट तैयार किया है। जिससे हर प्रदेश में पर्यटन को विकसित किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र में कौशल विकास के लिए योजना तैयार की गई है।

### रिसर्च के लिए हजारों करोड़ निवेश

प्राइवेट सेक्टर में रिसर्च का जिक्र करते हुए श्री जोशी ने कहा, प्राइवेट सेक्टर में 20 हजार करोड़ और साइंटिफिक सेक्टर में रिसर्च के लिए 10 हजार करोड़ इन्वेस्ट किया है। हम बहुत बड़ा फंड तैयार कर रहे हैं। मेडिकल फील्ड के लिए कई वायरस जैसे कोविड व अन्य पर रिसर्च के लिए बड़ा फंड जारी किया है।

### इंफ्रास्ट्रचर डेवलप करने बड़ी राशि निवेश

उन्होंने कहा, फूड डिलीवरी वालों के लिए स्वास्थ बीमा देने का काम किया है। सामान्य आदमी सोचता है, पैसा नहीं है, स्टार्टअप नहीं करेंगे, ऐसी नौबत नहीं आनी चाहिए, इसके लिए भी हमने तैयारी की है। इंडियन लेदर को बढ़ावा देने का कार्य किया है। इंडियन इंफ्रास्ट्रचर डेवलप करने के लिए 5 लाख करोड़ रुपए का इन्वेस्टमेंट किया है।

# जय अंबे इमरजेंसी सर्विस के दफ्तर में आईटी सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राज्य में 108 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध कराने वाली जय अंबे एजेंसी के कार्यालय में आयकर के आधा दर्जन से ज्यादा अफसरों ने दबिश दी है। आईटी अफसर वित्तीय अनियमितता की शिकायत मिलने पर जय अंबे में सर्वे करने बुधवार दोपहर को पहुंचे थे, जहां अफसरों ने छह घंटे से ज्यादा समय तक 108 सर्विस प्रोवाइडर के संस्थान में दस्तावेजों की पड़ताल की है।

- वित्तीय अनियमितता के आरोप में सर्वे की कार्रवाई

आईटी अफसरों की टीम अवंति विहार स्थित जय अंबे के ऑफिस में जांच करने पहुंची थी। 108 सर्विस प्रोवाइडर के यहां सर्वे करने पहुंची आईटी की टीम ने दस्तावेजों की पड़ताल करने के साथ ही कंम्प्यूटर, लैपटॉप की जांच की। सूत्रों के मुताबिक कई दस्तावेजों को आईटी की टीम जांच करने अपने साथ लेकर गई है। सूत्रों के मुताबिक बड़े पैमाने पर जमीन की खरीद-फरोख्त में गड़बड़ियों और वित्तीय अनियमितताओं की शिकायतों के बाद जांच करने टीम पहुंची है। आयकर विभाग कार्रवाई के दौरान सभी संदिग्ध लेन-देन और संपत्तियों की बारीकी से जांच कर रहा है।




### खर्च बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया था

आईटी की टीम ने प्रारंभिक पड़ताल में पाया है कि कंपनी ने अपनी स्थापना लागत और खर्चों को अत्यधिक बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया था, जो कर देनदारी से बचने के लिए फर्जी बिलिंग के तौर पर उपयोग किया जा रहा था। आश्चर्यजनक रूप से कंपनी किराए की बिल्डिंग में संचालित होने के बावजूद असामान्य रूप से ऊंचे खर्च दर्शा रही थी।

### कई कंपनियों में डायरेक्टर

जांच में पता चला है कि कंपनी के डायरेक्टर जोगेंद्र सिंह कई कंपनियों में निदेशक के रूप में जुड़े हैं, जिनमें मां मदवारानी कोल बेनेफिशिएशन प्राइवेट लिमिटेड, फेसिक फोर्जिंग प्राइवेट लिमिटेड, अरंश प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, किंग रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड, प्रगति ट्रांसमूवर्स प्राइवेट लिमिटेड, जय अंबे इमरजेंसी सर्विसेज (आई) प्राइवेट लिमिटेड, जय अंबे रोडलाइंस प्राइवेट लिमिटेड, यूनाइटेड इमरजेंसी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड और जय अंबे एक्जिजेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। इसी तरह एक अन्य डायरेक्टर धर्मेंद्र सिंह अचकन्न क्लोदिंग प्राइवेट लिमिटेड, जय अंबे इमरजेंसी सर्विसेज (आई) प्राइवेट लिमिटेड, जय अंबे रोडलाइंस प्राइवेट लिमिटेड, डिलिजेंस ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड, यूनाइटेड इमरजेंसी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, जय अंबे एक्जिजेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड और डिलिजेंस हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन से जुड़े हुए हैं।

# बीमारी से तंग आकर अकाउंटेट ने बेबीलॉन टावर की सातवीं मंजिल से कूदकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नौकरी छूटने तथा बीमारी से तंग आकर मूलतः मध्यप्रदेश, बालाघाट निवासी पेशे से अकाउंटेट ने तेलीबांधा थाना क्षेत्र स्थित बेबीलॉन टॉवर की सातवीं मंजिल से कूदकर खुदकुशी कर ली। घटना का सीसीटीवी फूटेज भी सामने आया है। मृतक ने जिस होटल की सातवीं मंजिल से कूदकर खुदकुशी की है, वह वहां पूर्व में अकाउंटेट की नौकरी करता था। नौकरी छूटने के बाद वह कचना स्थित किसी अन्य होटल में अकाउंटेट की नौकरी कर रहा था, जहां उसकी सैलेरी कम थी। इस वजह से मृतक अपना परिवार चलाने के साथ अपनी बीमारी का इलाज नहीं करा पा रहा था। मृतक किडनी की बीमारी से परेशान था।

- खुदकुशी करने के कुछ देर पहले मृतक ने अपनी पत्नी से बात की थी
- युवक पूर्व में बेबीलॉन टॉवर में अकाउंटेट का काम करता था

लोधीपारा में किराए के मकान में रहने वाले विजय बसोने ने होटल की सातवीं मंजिल से कूदकर खुदकुशी की है। विजय विवाहित था, उसकी एक डेढ़ साल की बेटी है। विजय रायपुर में अपनी पत्नी, बेटी तथा पिता के साथ रह रहा था। पुलिस के अनुसार विजय अपनी बीमारी का इलाज कराने तथा परिवार चलाने पार्ट टाइम जॉब की तलाश कर रहा था। पार्ट टाइम जॉब नहीं मिलने से वह परेशान था। इसीलिए विजय की पुलिस ने खुदकुशी करने की आशंका व्यक्त की है। होटल कर्मियों से मिली जानकारी के मुताबिक बगैर किसी को बताए विजय होटल के अंदर दाखिल हो गया और सातवीं मंजिल में पहुंच गया। वहां वह कुछ देर टहलने के बाद अचानक रेलिंग से छलांग लगाकर खुदकुशी कर ली।



### पत्नी से कहा इलाज कराने जा रहा हूं

विजय सुबह अपनी पत्नी को तबीयत खराब होने की बात कह कर बगैर नाश्ता किए घर से निकल गया। दोपहर तक विजय घर नहीं पहुंचा, तो विजय के पास उसकी पत्नी ने कॉल किया और अपने पति का हाल-चाल पूछते हुए इलाज कराने के बारे में जानकारी ली। इस पर विजय ने घर आने के बाद बात करने की बात कह कर मोबाइल कट कर दिया। मोबाइल कट करने के कुछ देर बाद विजय ने खुदकुशी कर ली। विजय की पत्नी घर में टेलरिंग का काम करती है।

# इस बार फरवरी में ही कम हो गई ठंड, सामान्य से पांच डिग्री ज्यादा तापमान के साथ बीती राजधानी में रातें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

फरवरी में 10-11 डिग्री तक पहुंचने वाला न्यूनतम तापमान इस बार 15 डिग्री से नीचे नहीं उतर पाया है। पश्चिमी विक्षोभ ने उत्तर की ठंडी हवा को असरदार नहीं होने दिया और राजधानी की 12 रातें पांच डिग्री तक ज्यादा तापमान के साथ बीत गईं। मौसम में अभी उतार-चढ़ाव की संभावना तो है, मगर ज्यादा ठंड की वापसी अब नहीं होगी।

- पश्चिमी विक्षोभ ने कम किया उत्तरी हवा का प्रभाव, 15 से नीचे नहीं गया पारा

इस बार भारतीय सीमा को प्रभावित करने वाला पश्चिमी विक्षोभ कुछ ज्यादा ही हावी रहा। इसकी वजह से उत्तर से ठंडी लेकर आने वाले शुष्क हवा का असर कम दिनों रहा। जनवरी तो जैसे-तैसा गुजरा और फरवरी आते ही जैसे ठंड गायब सी हो गई। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है विक्षोभ के प्रभाव से छाने वाले बादल रात के तापमान को कम नहीं होने दिया जिसकी वजह से फरवरी में ठंड असरदार नहीं हो पाई। सामान्यतः इस माह का न्यूनतम तापमान 10 से 14 डिग्री से कम रहता है, मगर इस बार ऐसा कुछ नहीं हुआ और पारा 15 डिग्री ने नीचे झुकने की हिम्मत नहीं दिखा पाया। उत्तरी इलाकों में तो ठंड रही मगर मध्य और बस्तर में फरवरी सामान्य से ज्यादा तापमान के साथ बीत रही है। आने वाले दिनों में मौसम में उतार-चढ़ाव होगा मगर इसकी वजह ठंड की वापसी रायपुर समेत मध्य इलाके में होने की संभावना कम है।



### इस तापमान में बीती शहर की रातें

| फरवरी | न्यूनतम पारा |
|---|---|
| 12 | 20.8 |
| 11 | 20.4 |
| 10 | 16.3 |
| 09 | 15.3 |
| 08 | 18.3 |
| 07 | 17.8 |
| 06 | 20.8 |
| 05 | 20.6 |
| 04 | 20.4 |
| 03 | 19.7 |
| 02 | 19.8 |
| 01 | 20.3 |

### तीन डिग्री तक गिरावट के आसार

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार जम्मू-कश्मीर और उसके आसपास स्थित पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव कम होने की संभावना है। इसकी वजह से उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन प्रारंभ होने के आसार बन रहे हैं। अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में करीब 3 डिग्री की गिरावट होने की संभावना है। इसका बड़ा असर उत्तरी हिस्से में होने की संभावना है। रायपुर और जगदलपुर का न्यूनतम तापमान चार से पांच डिग्री अधिक है।

# 30 हजार से अधिक राशन कार्ड का नहीं हुआ नवीनीकरण इनमें 3 लाख से अधिक सदस्यों का केवाइसी भी नहीं, होंगे रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर जिले में 30 हजार से अधिक राशन कार्ड धारकों ने अब तक कार्डों का नवीनीकरण नहीं कराया है, वहीं इन कार्डों में 3 लाख से अधिक सदस्य भी हैं जिनके द्वारा अभी तक ई-केवाइसी भी नहीं कराया गया है। इस तरह जिले में नवीनीकरण और ईकेवाइसी नहीं कराने वाले राशन कार्ड धारकों के कार्ड अब मार्च से रद्द किए जाने की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है, क्योंकि नवीनीकरण व केवाईसी कराने की 31 मार्च अंतिम तारीख है। इसके बाद छूटे धारक अपने कार्ड का नवीनीकरण नहीं करा पाएंगे।

### कई बार बढ़ी तारीख, फिर भी नहीं करा रहे नवीनीकरण : केवाइसी

फर्जी राशन में होने वाली गड़बड़ी को रोकने और पात्र हितग्राहियों को उचित मूल्य की दुकान से खाद्यान्न मिल सके। इसके लिए भारत सरकार ने राशन कार्ड के सभी सदस्यों के ईकेवाइसी कराया जा रहा है। ईकेवाइसी के माध्यम से प्रत्येक राशन कार्ड के सदस्य को राशन दुकान की बायोमेट्रिक सिस्टम में आधार कार्ड से कार्ड को जोड़ा जा रहा है। इसके लिए उसका फिंगर भी स्कैन कराया जा रहा है ताकि सत्यापित हितग्राही सदस्यों को इस योजना का लाभ मिल सके। इस अभियान को शुरू हुए करीब दो वर्ष हो चुके हैं, लेकिन अब तक रायपुर जिले में 3 लाख से अधिक कार्ड सदस्यों ने केवाइसी नहीं कराए हैं। इधर एक ओर जहां भारी संख्या में सदस्यों द्वारा केवाइसी नहीं कराया है, वहीं दूसरी ओर प्रदेश में नई सरकार के गठन के बाद कांग्रेश शासन काल के राशन कार्ड को रद्द कर नए राशन कार्ड बनाए जा रहे हैं। इसके लिए प्रत्येक कार्ड धारक के मुखिया को नवीनीकरण कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन करना है, लेकिन जिले में अभी तक 30 हजार से अधिक कार्ड धारकों ने नवीनीकरण भी नहीं कराए हैं।




### अधिकारियों की बढ़ी परेशानी

नवीनीकरण और केवाइसी नहीं कराने वाले कार्ड धारक व सदस्यों के कारण अब खाद्य विभाग के अधिकारी भी परेशान है। शासन की मंशा है कि कोई भी पात्र हितग्राही का राशन कार्ड रद्द नहीं हो। शासन की इस मंशा को देखते हुए विभाग भी छूटे हुए कार्ड धारकों को नवीनीकरण कराने का अवसर देते हुए अंतिम तारीख आगे बढ़ाने के लिए लगातार शासन को प्रस्ताव भेज आ रहा है। ये प्रस्ताव प्रदेश के कई जिलों से शासन को भेजे गए हैं। इसे देखते हुए शासन द्वारा भी नवीनीकरण की तारीख लगातार बढ़ाई जा रही है, लेकिन अब विभागीय अधिकारी तारीख बढ़ाने से परेशान होने लगे हैं, क्योंकि तारीख बढ़ाए जाने के बाद भी छूटे कार्ड धारक न ही नवीनीकरण करा रहे है और न ही सदस्य केवाइसी करा रहे हैं। जिले में अब तक नवीनीकरण नहीं करा पाए कार्ड को रद्द करने की कार्यवाही शुरू नहीं की गई है, लेकिन सदस्यों के नाम काटने की कार्यवाही जारी है। विभाग ने केवाइसी नहीं कराने वाले सदस्यों का पता लगाने के लिए सभी राशन दुकान संचालकों को निर्देश दिए हुए है।

# विभागीय बजट का आकार तय करने 6 मंत्रियों के साथ वित्तमंत्री ने किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्य बजट प्रस्तावों एवं नवीन मद प्रस्तावों पर वित्तमंत्री के साथ बुधवार को छह मंत्रियों के विभागों पर चर्चा की गई। वित्तमंत्री ओपी चौधरी की मौजूदगी में मंत्री रामविचार नेताम, टंकराम वर्मा, लखनलाल देवांगन, श्याम बिहारी जायसवाल, लक्ष्मी राजवाड़े और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के साथ उनके विभाग के बजट और नवीन प्रस्तावों पर चर्चा की गई।



वित्तमंत्री ने चर्चा के बाद बजट प्रस्तावों के आधार पर विभागीय बजट का आकार तय किया। बताया गया है कि नए बजट में सभी विभागों के बजट का आकार 5 से 10 प्रतिशत तक ही बढ़ाया जाएगा। वित्तीय प्रावधानों के आधार पर इसे आने वाले दिनों में अन्य विभागों के मंत्रियों के साथ बैठक कर तय किया जाएगा। बताया गया है कि पंचायत और ग्रामीण विकास के अलावा नक्सल क्षेत्रों में विकास के नए कार्य स्वीकृति को मंजूरी दिए जाने के संकेत चर्चा के दौरान दिए गए हैं।

फिलहाल सचिव स्तरीय बैठक के बाद अंतिम दौर में मंत्रियों से चर्चा का राज्य के बजट को अंतिम रूप दिए जाने का कार्य किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि बजअ सत्र आगामी 24 फरवरी से शुरू हो रहा है। अनुमान है कि माह के अंत में राज्य का नया बजट वर्ष 2025-26 पेश किया जाएगा।

Health Town
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### छात्रों का हुआ ओलंपियाड और साइक्रोमैट्रिक टेस्ट

**दुर्गूकोंदल।** पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गूकोंदल में 13 फरवरी 2025 दिन गुरुवार को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के आदेशानुसार पहल एक नई सोंच जनसेवा कल्याण समिति के द्वारा कक्षा 9 वीं के छात्र -छात्राओं के लिए रायपुर अलेक्जेंद्रा मोगरे के द्वारा ओलम्पियाड एवं साइक्रोमैट्रिक टेस्ट का आयोजन किया गया, जिसमे बच्चों की तार्किक चिंतन, सृजनात्मक तथा कौशल सम्प्रेषण को देखा गया, साथ ही उन्हें कैरियर गाइडेन्स कॉउंसलिंग भी दिया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य अजय नेताम सहित विद्यालय के शिक्षकगण दिलीप श्वेता, प्रमोद यादव, चारुचंद्र निषाद, हरीश नागराज, सीमा देवांगन, सुनयना साहू एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम कलवर में सुपरस्टार क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में 14 से 19 फरवरी तक ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष सुरजू राम यादव, उपाध्यक्ष लक्ष्मण टेकाम, सचिव राजेश कुमार, सहसचिव संजीत कुमार, कोषाध्यक्ष लालचंद दुग्गा, संरक्षक हरि मोहन टेकाम ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 15 हजार रूपएं, द्वितीय पुरस्कार 8 हजार रूपएं, तृतीय पुरस्कार 5 हजार रूपएं व चतुर्थ पुरस्कार 3 हजार रूपएं रखा गया है।

### मतगणना स्थल के लिए कार्यपालिक दण्डाधिकारियों को किया गया तैनात

**कांकेर।** नगरीय निकाय अंतर्गत न्यू कम्युनिटी हॉल में आगामी 15 फरवरी को होने वाली मतगणना के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने मतगणना स्थल में मतगणना की कार्यवाही निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराए जाने शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। जारी आदेश के तहत नगरपालिका कांकेर के मतगणना कार्य के लिए अपर कलेक्टर अरूण कुमार वर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसी प्रकार मतगणना स्थल न्यू कम्यूनिटी हाल में मतगणना कक्ष के भीतर डिप्टी कलेक्टर रानू मैथ्यूज, मतगणना कक्ष का प्रवेश द्वार के लिए तहसीलदार पुष्पराज पात्र, न्यू कम्यूनिटी हाल का बाह्य परिसर व प्रवेश द्वार के लिए नायब तहसीलदार कांकेर दुर्गावती कुजूर और मतगणना हाल में आने वाले मुख्य मार्ग में नायब तहसीलदार संजय कुमार राय की ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने नगर पंचायत चारामा, भानुप्रतापपुर एवं पखांजूर में मतगणना के लिए संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को मतगणना स्थल में उचित कानून, सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था हेतु पृथक-पृथक कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की ड्यूटी लगाए जाने निर्देशित किए हैं। नगरपालिका कांकेर के मतगणना के दौरान सम्पूर्ण कानून व्यवस्था के लिए एडीएम कांकेर एस.अहिरवार कार्यप्रभार पर रहेंगे।

### महीनों से सफाई नहीं होने से वार्ड की हालत खस्ता

**जगदलपुर।** नगर निगम के सीमाई क्षेत्र में साफ-सफाई नहीं होने से नालियां मलबा से अटी पड़ी है वार्ड की स्थिति चिंताजनक है। चन्द्रशेखर आजाद वार्ड के हाउसिंग बोर्ड कालोनी में महीनों से नालियों की सफाई नहीं हो रही है वहीं सड़क में फैले कचरे को उठाया नहीं जा रहा है। कालोनीवासी इसकी निगम आयुक्त से शिकायत कर चुके हैं बावजूद समस्या जस का तस है। कलेक्टर हरीश एस. ने आज शहर में साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने नालियों में कचरा डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## पंचायत चुनाव में खुलेआम नियमों की उड़ रही धज्जियां...









**जगदलपुर।** नगरीय निकाय चुनाव संपन्न होने के बाद अब 3 चरणों में 17 से 23 फरवरी तक पंचायतों के चुनाव होने हैं। पंच, सरपंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य 4 पदों पर ग्रामीण मतदाता वोट देकर 5 साल के लिए जनसेवक चुनेंगे। हरिभूमि ने गुरुवार को नगरनार क्षेत्र के मारकेल, मंगनपुर, माड़पाल, आमागुड़ा और बम्हनी क्षेत्र का दौरा किया। जहां खास तौर से माड़पाल में बिजली के खंबे, स्कूल की दीवार, अस्पताल, पीएचई और यहां तक कि मातागुड़ी को भी चुनाव लड़ रहे पंचायत प्रत्याशियों ने नहीं छोड़ा है। यहां आचार संहिता की धज्जियां उड़ रही है। ग्रामीण क्षेत्र के अधिकारी इस मामले में शांत बैठे हुए हैं। किसी तरह की कार्रवाई नहीं होने पर शासकीय भवनों में लगभग सभी दल के और निर्दलीय प्रत्याशियों ने अपने प्रचार सामानों को चस्पा किया है।

### तेंदूपत्ता शाखकर्तन एवं वनों को अग्नि से सुरक्षा पर कार्यशाला

# वनों को आग से बचाने किया जाएगा प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर





नवीन तेंदूपत्ता नीति के तहत तेंदूपत्ता शाखकर्तन एवं वनों को अग्नि से सुरक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बांसागार डिपो में किया गया। कार्यक्रम में आरसी दुग्गा मुख्य वनसंरक्षक, संबित मिश्रा कलेक्टर, संदीप बलगा उप निदेशक इंद्रावती टाईगर रिजर्व एवं प्रभारी वनमवडलाधिकारी, हेमंत रमेश नंदनवार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, राजेश चौहान सेकेण्ड इन कमांड सीआरपीएफ, शरद जायसवाल डीएसपी, समस्त वनमवडल एवं इंद्रावती टाईगर रिजर्व बीजापुर के उपवनमवडलाधिकारी, परिक्षेत्र अधिकारी एवं कर्मचारी, उप प्रबंध संचालक, जिला यूनियन, प्रबंधक व फड़मुंशी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में संदीप बलगा ने जिले के वनों में लगने वाले आग के संबंध में विस्तृत में जानकारी दी एवं स्थानीय स्तर व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए वनों में लगने वाली आग को बुझाने हेतु पूरी जिम्मेदारी से कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिए। कलेक्टर संबित मिश्रा ने वनों को आग से बचाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा पूरा सहयोग देने एवं स्थानीय स्तर पर सरपंच, पंच एवं अन्य गांव प्रमुखों को जानकारी प्रदाय करते हुए उनका पूरा सहयोग जिला पंचायत के माध्यम से लेने हेतु निर्देश दिए। राजेश चौहान ने अग्नि की दुर्घटना रोकने हेतु सीआरपीएफ के तरफ से हर तरह का सहयोग प्रदान किये जाने के संबंध में जानकारी दी। आरसी दुग्गा ने वनों को आग से बचाने के लिए स्थानीय स्तर पर बैंठकों का आयोजन कर उन्हें वनों से प्राप्त होने वाले लघु वनोपज तेंदूपत्ता, लाख, चिरौंजी, इमली आदि की जानकारी देते हुये उससे संबंधितों को कितना-कितना लाभ मिल सकता है। इसकी पूरी जानकारी बैंठकों में दी जावे, ताकि स्थानीय लोग अपने क्षेत्रों में आग न लगाये एवं लगी आग को बुझाने हेतु तत्पर प्रयास करें। उनके द्वारा नवीन तेंदूपत्ता नीति के तहत तेंदूपत्ता सीजन 2025 में शाखकर्तन कार्य हेतु सभी समितियों में आपसी निर्णय से एक निर्धारित अवधि का चयन कर अच्छी तरह से बूटा कटाई का कार्य संपन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया एवं तेंदूपत्ता संग्रहण, उपचारण एवं भण्डारण से संबंधित निर्देश दिये गये।

मुख्य वनसंरक्षक दुग्गा द्वारा स्थानीय स्तर पर ग्रामीणों के आय के स्त्रोत में वृद्वि हेतु उन्हें लाख पालन की खेती से जोड़ने हेतु सभी उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों को इसके संबंध में विस्तृत में जानकारी दी गई एवं जल्द से जल्द कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। अग्नि सुरक्षा के रोकथाम हेतु महुआ सीजन में महुआ पण्डुम बनाने की योजना बनाने के निर्देश दिये गये। अनिल कुमार बागड़े उप प्रबंध संचालक, जिला यूनियन बीजापुर द्वारा तेंदूपत्ता सीजन 2025 के शाखकर्तन, उपचारण एवं बोराभर्ती के संबंध में जानकारी दी गई। उनके द्वारा तेंदूपत्ता से प्राप्त होने वाली अन्य बीमा एवं छात्रवृत्ति योजनाओं के संबंध में विस्तृत से जानकारी दी गई ।

# पंचायत चुनाव के लिए आरटीओ करेंगे बसों सहित 250 वाहनों का अधिग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर




पंचायत चुनाव के मद्देनजर यात्री बसों सहित 250 वाहनों का अधिग्रहण शुरू किया जाएगा। फ्री एंड फेयर इलेक्शन करवाना चुनाव आयोग सहित शासन-प्रशासन की भी प्राथमिकता है। ऐसे में पैरा मिलेट्री

- अधिग्रहण वाहनों से मतदान केन्द्र जाने-आने में जाएंगे सुरक्षा बल, अधिकारी, कर्मी

फोर्स के जवानों की टुकड़ियां बस्तर पहुंचने लगी हैं। इन्हें बस्तर के नक्सल प्रभावित इलाकों तक भेजने के लिए वाहनों की जरुरत पड़ेगी। इस बात को ध्यान में रखते हुए पंचायत चुनाव संपन्न करवाने के लिए प्रशासन ताकत झोंक रहा है। इसमें परिवहन विभाग के आरटीओ की टीम ने कलेक्टर के निर्देश पर पंचायत चुनाव के लिए बस्तर जिले में लगभग 250 वाहनों का अधिग्रहण किया जाएगा, जिसमें 15 फरवरी के लिए 48 बस, 20 छोटी वाहन, अतिरिक्त 7 वाहन, 17 फरवरी के लिए 44 बस, 29 छोटी वाहन, अतिरिक्त 7 वाहन एवं 23 फरवरी के लिए 42 बस, 46 छोटी वाहन, अतिरिक्त 7 वाहन शामिल है।

### वाहनों का होगा अधिग्रहण

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि प्रशासन के निर्देश पर चुनाव के लिए वाहनों का अधिग्रहण किया जाएगा, अधिग्रहित वाहनों को प्रोटोकाल भेजा जाएगा।

## करोड़ों की कमाई पर ब्रिज नहीं...



**जगदलपुर।** किरंदुल-विशाखापटनम मार्ग पर कई जगह रेलवे ओव्हर ब्रिज नहीं होने से राहगीरों को दिनभर में दर्जनों बार क्रासिंग के पास काफी देर तक इंतजार करना पड़ता है। लौह अयस्क ढुलाई में रेलवे को प्रति वर्ष लगभग 400 करोड़ की कमाई होती है लेकिन जन सुविधा पर खर्च करने में रेल प्रशासन ध्यान नहीं देता।



# शत प्रतिशत मतदान कराने ली शपथ ली, रैली निकाली

**दुर्गुकोंदल।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के अंतर्गत ग्राम पंचायत दुर्गुकोंदल, राउरवाही, कोंडे एवं अन्य ग्रामों के ग्रामीणों को मतदान के लिए जागरूक किया गया।

रैली में शामिल अधिकारी व ग्रामीणजनों को मतदान की शपथ ली गई। सभी मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। जागरूकता रैली प्रभारी प्रदान संस्था के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर लिकेश्वर साहू ने कहा मत अपना अधिकार है, यह मत सरकार बदल सकता है। सब अपना कीमती समय निकालकर मत देने जरूर जाएं। साथ ही क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं को मतदान की संपूर्ण जानकारी दी गई। इस अवसर पर महिला स्व. सहायता समूह के पीआरपी, एफएलसीआरपी सक्रिय महिला एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहें। रैली रिटर्निंग आफिसर केतन भोयर, सहायक रिटर्निंग एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी ऑफिसर सुरेंद्र बंजारे, खंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे, बीपीएम नंदिनी दीवान, पंचायत इंस्पेक्टर आरके किशोरे के निर्देशन में निकाली गई।

# शिक्षक व स्कूली छात्रों को यातायात की दी जानकारी



**चारामा।** पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान चलाते हुए शाउमा शाला ग्राम पण्डरीपानी में उपस्थित स्कूली छात्र छात्राओं को नए कानून एवं विधिक प्रावधानों के बारे में जानकारी दिया गया। छात्राओं को बेड एवं गुड टच के मायने बताते हुए इस तरह की होने वाले घटनाओं से सावधान रहने समझाईश दिया गया तथा बेड टच होने का आभास होने पर अपने परिजन शिक्षकों एवं पुलिस थाना में जानकारी देने समझाईश दिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलेसिला के निर्देशन, एएसपी दिनेश कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मोहसीन खान के पर्यवेक्षण में चारामा पुलिस ने छात्र छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दिया एवं वहाँ पर उपस्थित शिक्षकों एवं ग्रामवासीयों से वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने, ड्रायविंग लायसेंस अपने पास रखने व दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने समझाईश दिया गया। इसके साथ ही ग्राम में आने वाले अनजान बाहरी लोगों को ग्राम में आने से उनके बारे में जानकारी लेने एवं उनको ग्राम में रूकने नही देने समझाईश दिया एवं उनके बारे में तत्काल पुलिस थाना चारामा में जानकारी देने बताया गया।

# कार की ठोकर से हुई बाइक चालक की मौत, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर




भानुप्रतापपुर थानांतर्गत भानबेड़ा में अस्पताल के पास कार की टक्कर से बाईक सवार युवक की मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना के उपरांत आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

पुलिस ने विवेचना में पाया कि मृतक धनेलीकन्हार निवासी 45 वर्षीय पुरूषोत्तम उसेंडी पिता रामसिंह 14 जनवरी को बयानार से बैंक कार्य के लिए अपने गांव के दोस्त सुकचंद दर्रो एवं बेटे निवेद उसेंडी के साथ वाहन क्रमांक सीजी 05 एबी 3314 में सवार होकर भानुप्रतापपुर गया था। बैंक कार्य निपटाकर सीएएफ कैंप भीरागांव गया था और अपने दोस्तो से मिलकर वापिस अपने घर आ रहा था, तभी रात लगभग 8 बजें भानबेड़ा अस्पताल के सामने विपरीत दिशा से आ रही चार पहिया वाहन क्रमांक सीजी 19 बीके 8057 के चालक कोरर थानांतर्गत ग्रम कुर्री निवासी 25 वर्षीय अजय कुमार हिड़को पिता भागवत सिंह हिड़को द्वारा वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मोटर सायकल को ठोकर मार दिया था। एक्सीडेट में मोटर सायकल चालक पुरूषोत्तम उसेंडी की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई थी और उसके पुत्र निवेद उसेण्डी को काफी चोटे आई थी, जिसका ईलाज कराया गया। जाँच में मिले सबूत के आधार पर भानुप्रतापपुर पुलिस ने आरोपी चार पहिया वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125 (ए), 106 (1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई।

### 20 आदिवासी युवक और 20 युवतियां जत्थे में हैं शामिल

# आदिवासी युवाओं का 11वां जत्था दिल्ली के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल



अति दुर्गम एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से 20 आदिवासी युवा लड़के एवं 20 युवा लड़कियों के 11 वें जत्थे को रायपुर रेलवे स्टेशन से दिल्ली के लिए रवाना किया गया। 16 वाँ आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत 12 फरवरी को यह जत्था रवाना हुआ। सीमा सुरक्षा बल के 2 पुरूष सुरक्षा अधिकारी और 2 महिला सुरक्षा अधिकारी भी इनके साथ रवाना हुए। ये जत्था दिल्ली में भारत के विभिन्न राज्यों के अन्य आदिवासी युवाओं से मिलकर अन्य राज्यों की संस्कृति से रूबरू होगा।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत आदिवासी युवक एवं युवतियों को उनके उज्ज्वल भविष्य तथा अधिकार के बारे में उचित व उपयुक्त जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही साथ अन्य राज्यों से भाग लेने वाले युवक-युवतियों के बीच मेल-मिलाप बढ़ेगा, जिससे वे एक-दूसरे के खान-पान, रहन-सहन, सांस्कृतिक गतिविधियाँ एवं वेशभूषा से रूबरू होंगे। इस कार्यक्रम में सभी राज्यों के स्थानीय लोक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही दिल्ली के प्रसिद्ध, दर्शनीय एवं सांस्कृतिक महत्व के स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। माय भारत (नेहरू युवा केन्द्र संगठन), नई दिल्ली, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार एवं गृह मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में 16 वाँ आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रत्येक आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम की अवधि 7 दिन है। कांकेर और नारायणपुर जिले में तैनात बीएसएफ के नक्सल प्रभावित इलाके से इस वर्ष कुल 13 भ्रमण कार्यक्रमों के अंतर्गत 18 से 22 वर्ष आयु वर्ग के 500 चयनित युवा भाग ले रहे है। इस आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम की प्रमुख गतिविधियों में संवैधानिक अधिकारियों और प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ संवाद सत्र, पैनल चर्चा, व्याख्यान सत्र, भाषण प्रतियोगिता, कैरियर संबंधी मार्गदर्शन, चल रहे खेल आयोजनों के बारे में जानना शामिल है। इसके अलावा प्रतिभागी दिल्ली के उद्योगो एवं सुरक्षा बलों के कैम्पो का भ्रमण करेंगे।

